## एक नजर में

### संविदा के आधार पर होगी पदों की भर्ती

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संविदा के आधार पर चीफ 01 पद डिप्टी चीफ 2 पद एवं असिस्टेंट 3 पद लीगल एड डिफेंस काउंसेल पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल एसओपी के प्रावधानों के अनुरूप तथा नालसा लीगल एड डिफेंस मॉडिफाईड स्कीम 2022 के उपबंधों के अधीन न्यायालय के समक्ष बचाव पक्ष की ओर से नि:शुल्क पैरवी किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसेल में संविदा के आधार पर चीफ 01 पद डिप्टी चीफ 2 पद एवं असिस्टेंट 3 पद लीगल एड डिफेंस काउंसेल पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदक 12 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र एवं गाईड लाईन जिला न्यायालय, टीकमगढ़ की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में संपर्क किया जा सकता है।

# राजशाही किले में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

**अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे लोग**

**प्रशासन का मोहनगढ़ किले की ओर नहीं कोई ध्यान**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/ मोहनगढ़**

**तहसील मोहनगढ क्षेत्र का ऐतिहासिक किला इन दिनों असामाजिक तत्वों का डेरा बन चुका है। यह असामाजिक तत्व यहां अनेक अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। साथ ही यह किला पर्यटन स्थल में शामिल हो चुका है। इसके बावजूद भी इसका रखरखाब नही किया जा रहा है। जिसके चलते यह बाताबरण किला परिसर में देखने को मिल रहा है। जबकि किला के समीप ही एक शासकीय शाला संचालित है। असामाजिक तत्वों के कारण शाला जाने बाले बच्चों को छीटाकसी का शिकार होना पड़ रहा है। बच्चों के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से इस व्यवस्था में सुधार कराने की मांग करते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही है।**



दरअसल मोहनगढ़ कस्बे के बीचों बीच स्थित राजा मानसिंह का ऐतिहासिक किला अनदेखी के साथ साथ अराजकता का अखाड़ा बन गया है। पर्यटक विभाग में शामिल मोहनगढ़ का ऐतिहासिक एवं अद्भुत किले में सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों का आना जाना तो नाके बराबर होता है लेकिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा अक्सर देखा जाता है। यहां तक की किला परिसर से संचालित होने बाली अनैतिक गतिविधियों के वीडियो सोशल मीडिया पर आए दिन वायरल होते है। सूत्रों की माने तो किले के अंदर जुआ भी खेला जाता है।

इन दिनों शराबियों के लिए मोहनगढ़ का किला मुख्य अड्डा बन चुका है। गौरतलब है कि किले के अंदर प्राचीन मंदिर के साथ-साथ शासकीय माध्यमिक शाला भी संचालित है। स्कूल के प्रधान अध्यापक हरिशंकर झा ने जानकारी देते हुए बताया कि किले के अंदर असामाजिक तत्वों का सुबह से लेकर शाम तक जमावड़ा लगा रहता है।




यहां पर न तो पर्यटक विभाग ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस प्रशासन। जिसके कारण यह स्थिति यह बन गई है कि हमारे स्कूल की छात्राएं पानी पीने के लिए बाहर तक नहीं निकल पाती हैं।

### पूर्व में स्कूल के भवन में हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

शराब के नशे में धुत शराबी किले के ऊपर बैठकर स्कूली बच्चों की ओर गलत कमेंट करते है। गंभीर विषय यह है कि मोहनगढ़ कस्बे के बीचों बीच स्थित ऐतिहासिक किले के अंदर पुलिस सुरक्षा की इस तरह की अनदेखी है तो आसपास क्षेत्र में स्थिति का आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए जिससे पुलिस कानून व्यवस्था बनी रहे। इसके पहले स्कूल के भवन से चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं।

# संदिग्ध मौत के विरोध में लोगों का प्रदर्शन




**नवभारत न्यूज जतारा। जतारा नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 निवासी शिवम चतुर्वेदी की संदिग्ध मौत के विरोध में मंगलवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। हीरो बाइक एजेंसी में फाइनेंस कर्मचारी शिवम शक्रवार से लापता था। रविवार को उनका शव मऊरानीपुर यूपी के कुरेचा बांध में मिला।**

नगर के लोगों ने श्रद्धांजलि सभा के बाद पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी एसडीओपी कार्यालय पहुंचे और उच्च स्तरीय जांच की मांग की। एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है।शिवम की गुमशुदगी की रिपोर्ट तत्काल दर्ज की गई थी। शव यूपी में मिलने के कारण वहां की पुलिस जांच कर रही है। जतारा पुलिस मऊरानीपुर पुलिस के संपर्क में है।

प्रदर्शन में जतारा नगर परिषद अध्यक्ष रामजी नायक, अनिल मिश्रा, रमाशंकर पस्तोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू सहित विभिन्न समाजों के लोग शामिल थे। जतारा नगर परिषद के वार्ड नंबर 4 निवासी शिवम चतुर्वेदी की संदिग्ध मौत के विरोध में मंगलवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। हीरो बाइक एजेंसी में फ इनेंस कर्मचारी शिवम शक्रवार से लापता था। शव मऊरानीपुर यूपी के कुरेचा बांध में मिला।

# जैन मंदिरों में हो रहे रोजाना धार्मिक आयोजन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के सभी जैन मंदिरों में पर्यूषण पर्व के धार्मिक कार्यक्रमों का दौर जारी हैं। पर्व के पांचवें दिन सत्य धर्म पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए। नंदीश्वर कॉलोनी स्थित आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी मंदिर में अभिषेक, शांति धारा, पूजन और विधान का आयोजन किया गया।**

मंदिर समिति के प्रदीप जैन ने बताया कि पूजन शिविर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री जी का अभिषेक किया। समिति के मंत्री गुलाब जैन और डीके जैन के अनुसार मुनि श्री 108 सौम्य सागर और मुनि श्री जयंत सागर महाराज 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक नंदीश्वर कॉलोनी में प्रवास करेंगे। गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को मुनि श्री का मांगलिक प्रवचन जिला जेल टीकमगढ़ में होगा।सुनील शास्त्री और राजेश शास्त्री ने अपने प्रवचन में सत्य धर्म का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि क्रोध, लोभ, भय और हँसी-मजाक के कारण लोग झूठ बोलते हैं। जहां झूठ नहीं बोला जाता और झूठा व्यवहार नहीं किया जाता वही सत्यधर्म है। शास्त्रियों ने कहा कि कठोर और मर्मभेदी वचन सत्य की श्रेणी में नहीं आते। सत्य का संबंध अहिंसा से है। अहिंसा सत्य को सौंदर्य देती है और सत्य अहिंसा की रक्षा करता है।

# 15 सितम्बर तक होंगे आवेदन जमा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र, सुनौरा खिरिया, तहसील टीकमगढ़ में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु एक सितंबर 2025 प्रात: 11 बजे से 15 सितंबर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।**

उक्त प्रक्रिया विभागीय पोर्टल पर संपादित की जाएगी। प्रक्रिया अंतर्गत प्रमुख शर्तें प्रत्येक भूखण्ड हेतु आवेदन शुल्क रु. 5000 होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त ओवदित भूमि हेतु आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजी की 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करनी होगी। भूखण्डों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम के प्रवधानों के अनुसार किया जाएगा।नियम, प्रक्रिया एवं रिक्त भूखण्डों आदि की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले में स्थित नवीन औद्योगिक क्षेत्र, सुनौरा खिरिया, तहसील टीकमगढ़ में रिक्त औद्योगिक भूखण्डों के आवंटन हेतु एक सितंबर 2025 प्रात: 11 बजे से 15 सितंबर को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए हैं।

# मुस्लिम अध्यक्ष ने गणेश पंडाल में कराए भजन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ में स्थापित गणेश प्रतिमा पंडाल में मंगलवार को भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार उर्फ पप्पू मलिक सहित नगर के कई श्रद्धालु मौजूद रहे। महिला मंडल की विशेष उपस्थिति रही जिन्होंने सामूहिक रूप से भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

भजन-कीर्तन कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस से सराबोर हो उठा। ढोलक और झांझ की ताल पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने कहा कि गणेश उत्सव केवल आस्था का प्रतीक नहीं है बल्कि यह समाज में एकता भाईचारे और सद्भावना का संदेश भी देता है। नगर पालिका परिषद का उद्देश्य है कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहें ताकि सांस्कृतिक और धार्मिक वातावरण मजबूत बने। श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम को एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया और नगर पालिका द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की।

### प्राथमिकता से करें नवीनीकरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।**

छात्रावासों में प्रवेश हेतु नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है।

# नदी में फंसे 20 लोगों को सुरक्षित निकाला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। धसान नदी के बरा घाट पर सोमवार की देर रात अवैध रेत खनन करने गए 20 लोग नदी में पानी बढ जाने से अचानक फंस गए। जिसकी जानकारी लगते ही क्षेत्र के लोगों में अफरा-तफरी देखने को मिली। शाम 5 बजे से रात 12 बजे तक लोग नदी में फंसे रहे। करीब सात घंटे बाद एसडीआरएफऔर पुलिस की टीम ने नाव की मदद से सभी लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला।**



घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बचाव दल को मौके पर भेजने के निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार सभी लोग आसपास के ग्रामीण इलाकों के निवासी हैं। नदी में जलस्तर बढ़ने की वजह से पिछले 24 घंटों में हुई बारिश है। जिले में औसतन 1 इंच बारिश दर्ज की गई। जतारा तहसील में सबसे ज्यादा 53 मिमी यानी 2 इंच से अधिक बारिश हुई। बल्देवगढ़ में 1.5 इंच, पलेरा और लिधौरा में 1 इंच तथा खरगापुर मोहनगढ़ में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। जिले में अब तक कुल 49.8 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह सामान्य औसत 40 इंच से 9.8 इंच अधिक है। पिछले साल इसी समय 34.6 इंच बारिश हुई थी। तहसीलवार बारिश के आंकड़ों के अनुसार पलेरा में सर्वाधिक 69.32 इंच, टीकमगढ़ में 60 इंच, मोहनगढ़ में 57 इंच, खरगापुर में 50.5 इंच, बल्देवगढ़ में 48 इंच, जतारा में 44.5 इंच और लिधौरा में 42 इंच बारिश हुई। सबसे कम बारिश बड़ागांव धसान तहसील में 33 इंच दर्ज की गई। धसान नदी के बरा घाट पर सोमवार की देर रात अवैध रेत खनन करने गए 20 लोग नदी में पानी बढ जाने से अचानक फंस गए। नाव की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित निकाला।

# हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**भाजपा नेता ने कलेक्टर को दिया मांग पत्र**

**कई लोगों नें हवाई पट्टी की भूमि पर किया कब्जा**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। ऐतिहासिक विरासतों को संरक्षित व सुरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भाजपा नेता विकास यादव ने कलेक्टर को पत्र देकर बहुप्रतीक्षित हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।**



श्री यादव ने कहा कि विगत कई दशकों से मोहनगढ़ तिराहे पर हवाई पट्टी के लिए आरक्षित भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिला प्रशासन टीकमगढ़ द्वारा इस भूमि पर हवाई का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को 30 जनवरी 2021 को प्रेषित किया था जिसका निर्माण 36.031 हेक्टयेर भूमि पर होना है और लागत 2803.01 लाख रूपए प्रस्तावित है। शासन स्तर से कई बार प्रस्तावित भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन से पत्राचार किया जा चुका है परन्तु जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है जिस कारण हवाई पट्टी निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है और बिना हवाई पट्टी के जिले में पर्यटन के विकास की बात कोरी कल्पना मात्र सिद्ध हो रही है।

उन्होंने कहा कि मोहनगढ़ तिराहा स्थित भूमि पर हवाई पट्टी का निर्माण होने पर यहाँ से लगभग 70 किमी दूरी पर स्थित विश्व प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल श्री रामराजा सरकार की नगरी ओरछा, 40 किमी दूरी पर अछरू माता मंदिर, 24 किमी दूरी पर मोहनगढ़ का किला एवं चतुर्भुज भगवान का मंदिर, 06 किमी की दूरी पर मड़खेरा का सूर्य मंदिर, 18 किमी की दूरी पर श्री कुण्डेश्वर महादेव मंदिर, 40 किमी की दूरी पर बल्देवगढ़ का किला, 45 किमी की दूरी पर उमरी का सूर्यमंदिर, 18 किमी की दूरी पर प्रसिद्ध जैन तीर्थ पपौरा जी एवं 30 किमी की दूरी पर अहार जी एवं 90 किमी की दूरी पर पर्यटन नगरी चंदेरी स्थित है। यह सभी धार्मिक एवं पर्यटन के प्रमुख केन्द्र हैं। जिले में हवाई पट्टी का निर्माण होने से देशी व विदेशी पर्यटकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और पर्यटन के बढ़ने से स्थानीय लोगों को नये रोजगार के अवसर मिलेंगे।

यादव की मांग पर कलेक्टर ने जल्द ही हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटा कर विमानन विभाग को सुपुर्द करने का आश्वासन दिया है। ऐतिहासिक विरासतों को संरक्षित व सुरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भाजपा नेता विकास यादव ने कलेक्टर को पत्र देकर बहुप्रतीक्षित हवाई पट्टी की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। श्री यादव ने कहा कि विगत कई दशकों से मोहनगढ़ तिराहे पर हवाई पट्टी के लिए आरक्षित भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है।

**जनसुनवाई** ▶ **लिधौरा जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न**

# कलेक्टर ने समस्याओं को सुनकर कराया निराकरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक मंगलवार को आपकी सुनवाई आपकी तहसील कार्यक्रम अंतर्गत तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसीक्रम में मंगलवार 2 सितम्बर को तहसील लिधौरा में प्रात: 11 बजे से जिला स्तरीय जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की उपस्थिति में जनसुनवाई में आमजन से प्राप्त आवेदनों तथा शिकायतों पर सुनवाई करते हुये शीघ्र निराकरण किया जायेगा। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनसुनवाई में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।कलेक्टर श्री




विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में आपकी सुनवाई आपकी तहसील कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को तहसील स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। इसीक्रम में कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ लिधौरा में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त 131 शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील लिधौरा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग के 13 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष अन्य प्रकरणों पर एक सप्ताह में कार्यवाही कर निराकरण करते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये एवं आर्थिक सहायता के प्रकरण इसी सप्ताह में शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश जारी किये। इसके साथ ही अभिलेख सुधार के प्रकरणों को भी शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात जनसुनवाई में गौचर भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों के निराकरण के लिये तहसीलदार को निर्देशित किया कि अतिक्रमण के प्रकरणद दर्ज कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना भी लगाया जाये। इसके तहत लिधौरा निवासी अनिल रैकवार की सर्पदंश से मृत्यु होने पर आरबीसी 6-4 नियमानुसार उनकी पत्नी श्रीमती नेहा को सहायता राशि स्वीकृत की गई। लिधौरा निवासी अनिल रैकवार की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी को आर्थिक सहायता स्वीकृत की।

**कलेक्टर के साथ यह अधिकारी रहे उपस्थित**

आपकी सुनवाई आपकी तहसील कार्यक्रम अंतर्गत लिधौरा तहसील स्तर पर आयोजित जनसुनवाई कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के साथ जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### किसानों को दी फसलों की सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र में सीएसआईआर भारतीय समवेत औषध संस्थान जम्मू द्वारा पौधों की खेती प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना विषय पर पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीएसआईआर अरोमा के तहत आयोजित किया जा रहा है।**

आईआईआईएम जम्मू के निदेशक डॉ. जाबीर अहमद के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संस्थान पिछले कई दशकों से सुगंधित फसलों के अनुसंधान और विकास पर कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आईआईआईएम द्वारा विकसित उच्च मूल्य वाले सुगंधित पौधों जैसे लेमनग्रास, खेती को बढ़ावा देना है।

# प्राकृतिक खेती करने पर दिया जोर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा टीकमगढ़ में प्राकृतिक खेती अंतर्गत बायो रिचार्च सेंटर स्थापना हेतु चयनित ग्राम के कृषकों की बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में परियोजना संचालक भारत राजवंशी, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर बीएएस. किरार, डॉ, एसके सिंह ने कृषकों को बायो रिसर्च सेंटर स्थापना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्थापना हेतु आवेदन करने के लिए 10 सितंबर तक आवेदन कार्यालय में जमा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में सभी विकासखंड से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी बीटीएम, एटीएम उपस्थित रहे। स्थापना हेतु चयनित ग्राम के कृषकों की बैठक का आयोजन किया गया।